# महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय

## जंगल धूसड़- गोरखपुर

स्थापित २००५ ई.

फोन नं0 : 0551–6827552, 2105416

मो. : 9794299451

Website: www.mpmahavidyalaya.org

E-mail : contact@mpmahavidyalya.org

E-mail : mpmpg5@gmail.com


पत्रांक : ....................                                   दिनांकः 30.01.2016

**प्रकाशनार्थ**

गोरखपुर मंण्डल के अधिकांश उद्योग कृषि पर निर्भर है। उद्योगों का विकास तभी सम्भव है जब कृषि का विकास भी साथ–साथ चलता रहे। उद्योग धंधे बढ़ सकें इसके लिए सरकारे तमाम कृषि से सम्बन्धित योजनाएँ चलाती रहती है। इसके बावजूद न तो कृषि में अपेक्षाकृत विकास हो पा रहा है, न ही कृषि आधारित उद्योग धंधे उन्नति कर पा रहे है। अतः यह आवश्यक है कि कृषि योजनाओं का सही मूल्यांकन किया जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि कृषि योजनाओं का लाभ निचले स्तर के किसानों को प्राप्त हो सकें।''

उपरोक्त बाते महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय जंगल धूसड़ के जगत जननी माँ सीता सभागार में वाणिज्य संकाय द्वारा ''**कृषि योजनाओं का मूल्यांकन**'' विषय पर आयोजित शोध व्याख्यान प्रतियोगिता के बोलते हुए वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश शुक्ल ने कही। डॉ. शुक्ल ने कहा कि आज के युवा पीढ़ी का नैतिक कर्तव्य है कि वह राष्ट्र के प्रति चिन्तित एवं सम्वेदनशील हो। उसे चाहिए कि वह सरकार द्वारा चलाए जा रहे कृषि योजनाओं का मूल्यांकन करे तथा उसके महत्व को लोगो को समझा सकें तथा यथा सम्भव समाधान देने का प्रयास करता रहे।

एक दिवसीव शोध व्याख्यान में 13 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया जिसमें भूमि क्षरण, सिंचाई, हवाओं की दिशा, फसलों की उन्नत किस्म, वर्षा की मात्रा, फसल बीमा, विक्रय व्यवस्था, ऋण, अनुदान, किसान क्रेडिट कार्ड, पशुपालन, मत्स्यपालन, भूमि अधिग्रहण नीति जैसे अनेक आयामों पर प्रकाश डालते हुए अपने व्याख्यान प्रस्तुत किए।

निर्णायक मण्डल में श्री नन्दन शर्मा, श्री मंजेश्वर तथा श्री सुभाष कुमार गुप्त ने परिणाम घोषित किया जिसमें श्री सिद्धार्थ कुमार शुक्ल बी.काम–तृतीय वर्ष को प्रथम स्थान, अतुल कुमार दूबे एम–काम–प्रथम वर्ष को द्वितीय स्थान तथा बिजेन्द्र कुमार यादव एवं नम्रता पाण्डेय (दोनो बी.काम–प्रथम) को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम में आशीष उपाध्याय, श्वेता मौर्य, कंचनलता सिंह, प्रगति मिश्रा, आलोक पटेल, कृति श्रीवास्तव तथा वन्दना तिवारी ने शोध व्याख्यान प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम का संचालन बी.काम. तृतीय वर्ष के छात्र अनुभव श्रीवास्तव ने किया तथा कार्यक्रम का संयोजन श्री सुभाष कुमार गुप्त ने किया। कार्यक्रम में भारी संख्या में प्राध्यापक एवं छात्र उपस्थित रहे।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
प्रकाश प्रियदर्शी